CMYK

Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

वर्ष- 27 अंक- 241 रायपुर, सोमवार 23 सितम्बर 2024 पृष्ठ-8 मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • बिलासपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

## छत्तीसगढ़ में सरकार की लिखित अनुमति के बिना जांच नहीं कर पाएगी सीबीआई




**रायपुर,** 23 सितम्बर (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ के शासकीय सेवकों के खिलाफ अब केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो राज्य सरकार की पूर्व लिखित अनुमति के बिना किसी भी मामले में अपराध दर्ज करना तो दूर, जांच भी नहीं कर पाएगी। राज्य सरकार ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के प्रावधान के मुताबिक यह अधिसूचित किया है। अब राज्य सरकार जो मामले जांच के लिए सीबीआई को सौंपेगी, उन मामलों की ही जांच यह केंद्रीय संस्था कर पाएगी।

हालांकि सीबीआई को राज्य में इस बात की अनुमति होगी कि वे केंद्र सरकार, सार्वजनिक क्षेत्रों के अधिकारियों के खिलाफ छत्तीसगढ़ में कहीं भी जांच करने के लिए स्वतंत्र होगी। अब सीबीआई भी राज्य के कर्मियों के खिलाफ जांच तभी कर पाएगी, जब उसे ऐसा करने के लिए राज्य सरकार की पूर्व लिखित अनुमति हासिल होगी।

राज्य सरकार ने दिल्ली विशेष पुलिस स्थापना के अधिनियम की धारा के अनुसरण में और समय- समय पर संशोधित इस अधिनियम की धारा 3 के अधीन अधिसूचित अपराध या अपराधों की श्रेणियां, जो कि कथित तौर पर केंद्र सरकार, केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के कर्मचारियों और निजी व्यक्तियों द्वारा किए गए हैं, चाहे वे अलग से काम कर रहे हैं या केंद्र सरकार के उपक्रम के कर्मचारियों के साथ मिलकर काम रहे हों, के अन्वेषण (जांच) के संपूर्ण छत्तीसगढ़ राज्य में दिल्ली विशेष पुलिस स्थापना के सदस्यों की शक्तियों और कार्य क्षेत्र के विस्तार के लिए सशर्त सहमति दी है। इसका मतलब केंद्र सरकार या केंद्रीय उपक्रमों के कर्मियों के खिलाफ सीबीआई राज्य में कही भी जांच-पड़ताल करने के लिए स्वतंत्र होगी।

## दोस्तों के साथ पिकनिक मनाने गए 2 बच्चों की एनीकट में डूबने से मौत




**राजनांदगांव,** 23 सितम्बर (हाईवे चैनल)। शहर के लखोली क्षेत्र के दो बच्चों की मोखला एनीकट में डूबने से मौत हो गई है। यह बच्चे अपने अन्य दोस्तों के साथ पिकनिक मनाने मोखला एनीकट गए थे। बीते रविवार को राजनांदगांव शहर के लखोली वार्ड से लगभग एक दर्जन युवक जिले के मोखला एनीकट में पिकनिक मनाने गए थे। इस दौरान 7-8 युवक एनीकट में नहाने उतरे थे। तभी वे गहरे पानी में चले गए, जिसमें से चार-पांच युवक डूबने लगे। पिकनिक मनाने गए एक युवक ने डूब रहे लोगों में से तीन लोगों को बचा लिया, लेकिन एक 12 वर्षीय बालक लखोली निवासी शाहिद हुसैन और 16 वर्षीय कन्हैयालाल की डूबने से मौत हो गई। हादसे के बाद गोताखोरों की टीम को सूचित किया गया और लगभग 1 घंटे की मशक्कत के बाद दोनों शव मौके से बरामद किए गए। सुरगी पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत हुए इस हादसे के बाद मृतकों के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। जहां आज उनका पोस्टमार्टम पश्चात अंतिम संस्कार होगा। इस मामले में राजनांदगांव के सीसी पुष्पेंद्र नायक ने बताया कि लखोली क्षेत्र से 11-12 बच्चे पिकनिक के लिए गए हुए थे जिसमें से दो नाबालिक की डूबने से मौत हुई है। एनीकट में नहाने के दौरान 4 से 5 युवक गड्ढे में चले गए थे। जिनमें से तीन लोगों को एक युवक ने बारी-बारी करके बचाया लेकिन वह अपने भाई को डूबने से नहीं बचा पाया। लखोली क्षेत्र के इन युवकों की डूबने से मौत के बाद क्षेत्र में मातम पसरा हुआ है।

## ब्रेकिंग न्यूज

### दुर्लभ खगोलीय घटना से आज रात धरती पर लोग कर सकेंगे एक साथ 2 चांद का दीदार

**नई दिल्ली,** 23 सितम्बर (न्यूज चैनल)। अंतरिक्ष की एक दुर्लभ खगोलीय घटना में, आज रात धरती पर लोग एक 'मिनी मून' का दीदार कर सकेंगे। अब तक दुनिया ने केवल एक ही चांद को देखा लेकिन आज लोग 2 चांद का दिदार कर सकेंगे। यह छोटा एस्ट्रॉयड, जिसे '2024 पीटी-5' नाम दिया गया है, धरती के ऑर्बिट में घूम रहा है और इसका आकार 138 फीट तक हो सकता है। इसकी गति 2500 मील प्रति घंटा है, और यह अगले दो महीने तक धरती की परिक्रमा करता रहेगा। हालांकि यह 'मिनी मून' नंगी आंखों से नहीं दिखेगा, लेकिन स्पेशल टेलीस्कोप से इसे देखा जा सकता है। यह 'मिनी मून' अगले दो महीनों तक हर रात स्पेशल टेलीस्कोप से दिखाई देगा। यह चांद की तरह धरती की परिक्रमा कर रहा है और 25 नवंबर तक यह धरती के रोबिट में घूमता रहेगा।

### शैलजा हरियाणा में करेंगी कांग्रेस का प्रचार

नई दिल्ली, 23 सितम्बर (न्यूज चैनल)। हरियाणा चुनाव से पहले कांग्रेस के भीतर दरार की खबरों के बीच के पार्टी को बड़ी राहत मिली है। जानकारी के मुताबिक पार्टी नेता रणदीप सुरजेवाला और सिरसा की सांसद कुमारी शैलजा कांग्रेस उम्मीदवारों के लिए प्रचार करेंगे। इन्हीं दोनों नेताओं की नाराजगी की खबरे लगातार चल रही थी। कुमारी शैलजा और पूर्व मुख्यमंत्री भूपिंदर सिंह हुड्डा के बीच अनबन की अटकलें लगाई जा रही थीं। ऐसी अफवाहें थीं कि टिकट वितरण पर वरिष्ठ नेतृत्व के साथ मतभेदों के कारण शैलजा पार्टी छोड़ सकती हैं या अभियान से खुद को दूर कर सकती हैं।

### 6 लेन पुल का गिरा स्लैब

**नई दिल्ली,** 23 सितम्बर (न्यूज चैनल)। बिहार के समस्तीपुर जिले में एक निर्माणाधीन पुल का एक हिस्सा ढह गया। हालांकि, घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। यह पुल बख्तियारपुर और ताजपुर गंगा महासेतु को जोड़ने के लिए बनाया जा रहा था। यह घटना हाल के दिनों में बिहार के कई जिलों में एक दर्जन से अधिक पुलों और पुलों के ढहने की पृष्ठभूमि में आई है, जिनमें सीवान, सारण, मधुबनी, अररिया, पूर्वी चंपारण और किशनगंज जिले शामिल हैं, जिससे राज्य के बुनियादी ढांचे की अखंडता और सुरक्षा के बारे में बड़ी चिंताएं पैदा हो गई हैं। फिलहाल इस मामले को लेकर सियासत तेज हो गई है। लालू यादव का पार्टी राजद ने नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली सरकार पर हमला करना शुरू कर दिया है।

## केजरीवाल की कुर्सी पर नहीं बैठीं आतिशी

### मुख्यमंत्री पद संभालते ही बोलीं- आपकी जगह खाली है, इंतजार रहेगा



**नई दिल्ली,** 23 सितम्बर (न्यूज चैनल)। दिल्ली की नई सीएम आतिशी ने सोमवार से मुख्यमंत्री पद का कार्यभार संभाला। इस दौरान उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल के लिए कुर्सी खाली है और उनका इंतजार रहेगा। सीएम आतिशी ने कहा- आज मेरे मन में भी वही व्यथा है, जैसे भगवान राम जी के वनवास जाने पर भरत जी के मन में थी। उन्होंने भगवान राम की खड़ाऊं रखकर शासन चलाया था। भगवान राम हम सभी के आदर्श हैं और केजरीवाल जी ने उनके दिखाए मार्ग पर चलते हुए दिल्लीवालों की सेवा की और मर्यादा का पालन करते हुए सीएम पद से इस्तीफा दे दिया। मुझे विश्वास है कि अब दिल्लीवाले केजरीवाल जी को विधानसभा चुनाव में प्रचंड बहुमत से विजयी बनाकर फिर से सीएम बनायेंगे। तब तक यह मुख्यमंत्री की कुर्सी केजरीवाल जी का इंतज़ार करेगी।

विधानसभा चुनावों से बमुश्किल पांच महीने पहले आतिशी दिल्ली की तीसरी महिला मुख्यमंत्री बनी हैं। आतिशी के बाद उनकी मंत्रिपरिषद में सबसे पहले सौरभ भारद्वाज ने शपथ ली, उसके बाद गोपाल राय, कैलाश गहलोत, इमरान हुसैन और दिल्ली कैबिनेट में नए सदस्य मुकेश अहलावत ने पद गोपनीयता की शपथ ली। शपथ ग्रहण समारोह के बाद आतिशी ने समारोह में मौजूद केजरीवाल का पैर छूकर आशीर्वाद लिया। वहीं, राज निवास पहुंचने से पहले भी वह सिविल लाइंस स्थित पूर्व सीएम के आवास पर अपने कैबिनेट सहयोगियों के साथ पहुंचीं। वहां से पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के साथ वह शपथ ग्रहण समारोह में पहुंचीं।

## रिया सिंघा ने मिस यूनिवर्स इंडिया-2024 का जीता खिताब



**नई दिल्ली,** 23 सितम्बर (न्यूज चैनल)। मिलिए 18 वर्षीय रिया सिंघा से, गुजराती लड़की जिसने 51 फाइनलिस्ट को हराकर मिस यूनिवर्स इंडिया 2024 का ताज जीता है। भारत के गुजरात राज्य में रहने वाली रिया सिंघा को मिस यूनिवर्स इंडिया 2024 का खिताब मिला है। उन्होंने पूरे अपने राज्य सहित अपने पूरे परिवार को अपनी इस उपलब्धि से गौरवान्वित किया है। रिया सिंघा को वैश्विक मिस यूनिवर्स प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिला है। रविवार को राजस्थान के जयपुर में ग्रैंड फिनाले हुआ, जिसमें रिया विजेता बनीं।

22 सितंबर को, 51 फाइनलिस्ट ने 'मिस यूनिवर्स इंडिया' के प्रतिष्ठित खिताब के लिए प्रतिस्पर्धा की और गुजरात की रिया सिंघा विजेता बनीं। 18 वर्षीय रिया अब मैक्सिको में आयोजित होने वाली मिस यूनिवर्स प्रतियोगिता 2024 में देश का प्रतिनिधित्व करेंगी। ताज जीतने के बाद, रिया ने खुशी व्यक्त की और हृद्ध से साझा किया, आज मैंने मिस यूनिवर्स इंडिया 2024 का खिताब जीता। मैं बहुत आभारी हूं। मैंने इस स्तर तक पहुंचने के लिए बहुत मेहनत की है जहां मैं खुद को इस ताज के लिए योग्य समझ सकती हूं। मैं पिछले विजेताओं से बहुत प्रेरित हूं। कल एक शानदार समारोह में, रिया सिंघा, प्रतियोगी 36, को मिस यूनिवर्स इंडिया 2024 का ताज पहनाया गया। 51 फाइनलिस्टों के बीच प्रतिस्पर्धा करते हुए, रिया ने खिताब जीता और अब मिस यूनिवर्स 2024 प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी। प्रांजल प्रिया को प्रथम रनर-अप नामित किया गया, जबकि छवि वर्ग ने द्वितीय रनर-अप स्थान प्राप्त किया। सुष्मिता रॉय और रूपफुज़ानो व्हिसो ने क्रमशः तीसरा और चौथा रनर-अप स्थान प्राप्त किया। निर्णायक मंडल में निखिल आनंद, अभिनेत्री और पूर्व ब्यूटी क्वीन उर्वशी रौतेला, वियतनामी स्टार गुयेन क्वीन, फैशन फोटोग्राफर रियान फर्नांडीस और उद्यमी राजीव श्रीवास्तव शामिल थे। 18 वर्षीय रिया गुजरात से हैं और अब मैक्सिको में आयोजित होने वाले मिस यूनिवर्स 2024 में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी।

## बस ने बुलेरो को पीछे से मारी ठोकर, 3 घायल



**धमतरी,** 23 सितम्बर (हाईवे चैनल)। आज सुबह एक सड़क दुर्घटना घटी, जिसमें तीन लोगों के घायल होने की सूचना मिल रही है।

मिली जानकारी के अनुसार यात्री बस ने बुलेरो को पीछे से टक्कर मार दी। जिससे दुर्घटना के बाद हड़कम्प मच गया। हादसे से डरे सहमे लोगों की चीखपुकार मच गई। बताया जा रहा है कि डीआरडी रोडवेज बस बेलरगांव से धमतरी की ओर आ रही थी तभी दानीबांधा सिहावा के पास बुलेरो को यात्री बस ने पीछे से ठोकर मार दी। जिससे बुलेरो अनियंत्रित होकर दुर्घटना ग्रस्त हो गया। ठोकर से बुलेरो सवार दो व्यक्ति व बस में सवार एक व्यक्ति घायल हो गया। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई। घायलों को अस्पताल भिजवाया गया है।

## जंगल से भटककर गांव के पास तालाब पहुंचे 2 भालू



**कोंडागांव,** 23 सितम्बर (हाईवे चैनल)। जंगल से भटकते हुए दो भालू गांव की सीमा पर पहुंचे गए, जिसे स्थानीय निवासी हतप्रभ रह गए। शाम के करीब 7 बजे माकड़ी के बूढ़ा सागर मंदिर के पास स्थित तालाब के पास दो भालू पानी पीते हुए देखे गए। भालू तालाब के पास मिट्टी की खुदाई कर रहे थे। तालाब बस्ती से लगभग 3 किलोमीटर की दूरी पर फरसगांव रोड पर स्थित है।

गांव वालों के अनुसार, भालू तालाब के पास मिट्टी की खुदाई कर रहे थे, जिससे यह स्पष्ट होता है कि वे भोजन की तलाश में थे। घटना ने स्थानीय निवासियों में चिंता पैदा कर दी है, क्योंकि भालू आमतौर पर जंगलों में पाए जाते हैं और मानव बस्तियों के करीब आना एक असामान्य बात है। गांव के लोगों ने तुरंत वन विभाग को सूचित किया ताकि भालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके और उन्हें सुरक्षित तरीके से जंगल में भेजा जा सके। स्थानीय प्रशासन ने लोगों को सतर्क रहने और भालुओं से दूर रहने की सलाह दी है। इस घटना से माकड़ी क्षेत्र में वन्यजीवों के प्रति जागरूकता बढ़ी है। लोगों ने कहा कि वे ऐसे क्षणों में और अधिक सावधान रहेंगे। खासकर जब भालू जैसे जंगली जानवर उनकी बस्तियों के पास आते हैं।

### सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट का फैसला पलटा

## चाइल्ड पॉर्न देखना-डाउनलोड करना पॉक्सो-आईटी कानून के तहत अपराध



**नई दिल्ली**, 23 सितम्बर (न्यूज चैनल)। सुप्रीम कोर्ट सोमवार को मद्रास हाईकोर्ट के उस फैसले को पलट दिया है। जिसमें कहा गया था कि केवल बाल पोर्नोग्राफी डाउनलोड करना और देखना पॉक्सो अधिनियम और सूचना प्रौद्योगिकी कानून के तहत अपराध नहीं है। जिसके बाद मद्रास हाईकोर्ट के इस फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई थी। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को इस फैसले पर सुनवाई करते हुए कहा कि, बाल पोर्नोग्राफी को डाउनलोड करना, फोन में रखना और देखना पॉक्सो और आईटी एक्ट के तहत अपराध है। मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्र की पीठ ने आज इस मामले पर सुनवाई करते हुए कहा कि, चाइल्ड पोर्नोग्राफी से जुड़े फोटो-वीडियो को स्टोर करना यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम के तहत अपराध है। यही नहीं सुप्रीम कोर्ट ने संसद को पॉक्सो अधिनियम में संशोधन के लिए कानून लाने का सुझाव दिया। जिसमें चाइल्ड पोर्नोग्राफी शब्द को 'चाइल्ड यौन शोषण और अपमानजनक सामग्री' से बदल दिया जाए।

## बिरादरी की बातें



**चूहा- सुनती हो, दिल्ली की नई मुख्यमंत्री आतिशी मुख्यमंत्री की कुर्सी पर न बैठकर अलग कुर्सी पर बैठी हैं और उसे अरविंद केजरीवाल के लिए बाजू में खाली छोड़ दी है।**

**चुहिया- हां जी, आतिशी को भरत बनने की लालसा है तो अरविन्द केजरीवाल की चरण पादुका रख लेना था।**

## अभिषेक पल्लव को बर्खास्त करने की मांग पर अड़ा साहू समाज



**रायपुर,** 23 सितम्बर (हाईवे चैनल)। कवर्धा के लोहारीडीह हिंसा पर साहू समाज ने तीनों परिवार को एक-एक करोड़ रुपए मुआवजे की मांग की है। साहू समाज के प्रदेश अध्यक्ष टहल साहू ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कवर्धा एसपी रहे डॉ. अभिषेक पल्लव पर एफआईआर कर बर्खास्त करने की मांग की है। सरकार को एक सप्ताह का अल्टीमेटम दिया है। साथ ही स्थानीय साहू समाज संघ ने भी प्रशांत साहू की मौत के मामले में दोषी पुलिस वालों पर हत्या का केस दर्ज करने की मांग की है। समाज ने शिवप्रकाश और रघुनाथ की मौत की न्यायिक जांच भी मांगी है। मांग पूरी नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। लोहरीडीह में हुई घटना में तीनों मृतक साहू समाज से ही हैं, इसलिए रविवार को 16 सदस्यीय सामाजिक जांच टीम लोहारीडीह पहुंची। टीम ने तीनों ही मृतकों के परिजनों से मुलाकात कर घटना का सिलसिलेवार ब्योरा लिया और मौजूदा हालातों पर चर्चा की।

## चिटफंड कंपनियों से ठगे गए पीड़ितों का जेल भरो आंदोलन

### बड्स एक्ट लागू करने की मांग करते हुए आत्मदाह की दी चेतावनी



**जांजगीर चाम्पा,** 23 सितम्बर (हाईवे चैनल)। जिले का ठगी पीड़ित जमा कर्ता परिवार ने जेल भरो आंदोलन किया। आंदोलनकारियो ने हॉकी मैदान से रैली निकाल कर कोतवाली थाना का घेराव किया।लेकिन जिला पुलिस ने रैली को ध्यान में रखते हुए संतोषी मंदिर के पास बैरीकेटिंग कर बल तैनात किया और सेतु: निगम कार्यक्रम को अस्थाई जेल बना कर आंदोलनकारियो की गिरफ्तारी की। ठग पीड़ित जमा कर्ता परिवार के सदस्यों ने केंद्र सरकार से बड्स एक्ट 2019 को लागू करने और पीड़ित परिवार को वायदे के अनुसार पैसा वापसी का इंतजाम करने की मांग की। उन्होंने मांग पूरा नहीं होने तक अनिश्चित कालीन हड़ताल जारी रखने का एलान किया। इसके बाद भी सरकार द्वारा कदम नहीं उठाने पर सामूहिक आत्मदाह करने की चेतावनी दी है।

CMYK